न्यायालय तहसीलदार, सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारी ::: मांगेराम पूनियां, R.T.S.

मिसल नं. ::: 29 / 2017

सरकार बनाम जयनारायण पुत्र महालाराम,,
जाति–कुम्हार, निवासी– धिंधवा बिचला

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के अन्तर्गत

निर्णय दिनांक 10.03.2017

निर्णय

पत्रावली पेश हुई। गैर सायल स्वयं अनुपस्थित। गैर सायल की ओर से उसका पुत्र मुकेश कुमार उपस्थित। इस प्रकरण में संक्षेप में मामला इस प्रकार से है कि गैर सायल जयनारायण पुत्र महालाराम, जाति–कुम्हार, निवासी– धिंधवा बिचला द्वारा रोही मौजा धिंधवा बिचला की राजकीय भूमि ख.नं. 32 कुल रकबा 18.3130 है0 किस्म गै.मु. जोहड़ में से रकबा 0.02 है0 भूमि पर कुरड़ी, छड़ी, बाड़ लगाकर अतिक्रमण करने की रिपोर्ट हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत की गई। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत दर्ज रजिस्टर किया गया। गैर सायल को नोटिस जारी किया गया। गैर सायल की ओर से उसके पुत्र मुकेश कुमार ने हाजिर अदालत होकर जवाब नोटिस पेश किया कि उसने अतिक्रमण हटा लिया है। गैर सायल का जवाब संतोषजनक नही माना जा सकता। अतः रिपोर्ट पटवारी हल्का को सही मानते हुए गैर सायल को उपरोक्त विवादित भूमि का अतिचारी घोषित किया जाकर उनके विरूद्ध बेदखल करने के आदेश दिये जाते है। आर्थिक दण्ड स्वरूप सरह लगान का 50 गुणा तावान 6 रू. कायम किया जाता है।

तहसील राजस्व लेखाकार के अभिलेख में तावान राशि की कायमी करवाई जावें। पटवारी / गिरदावर हल्का को तावान वसूली एवं मौका बेदखली हेतु लिखा जावें । मिसल फैसल शुमार होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 10.03.2017 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

रा० ले० स० 4 के पृष्ठ सं.......43..........पर
वर्ष..16-17....में रुपये....6/-....कायम किए
राजस्व लेखाकार

(मांगेराम पूनिया)
तहसीलदार, सूरजगढ़